शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

A

809

FIRST TERMINAL EVALUATION 2017-2018

THIRD LANGUAGE

HINDI

Std . VIII

Score : 40
Time : 1½ hrs

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : लोककथा का अंश पढ़ें और 1 से 2 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

दरबार तरह-तरह के लोगों से भरा था। उनमें बच्चे और बुजुर्ग थे, गृहिणियाँ और धोबिनें थीं, किसान और कचरा बीननेवाले थे, दूकानदार और लिपिक थे, मूर्ख और ज्ञानी थे और भी न जाने कितनी तरह के लोग थे।

1. दरबार तरह-तरह के लोगों से भरा था। किसके निर्देशानुसार बीरबल ने ऐसा किया? (1)

2. समानार्थी शब्द से तालिका की पूर्ति करें।

दूकान चलानेवाला	दूकानदार
कपड़ा साफ़ करनेवाली	
घर संभालनेवाली	
खेत में काम करनेवाला	
दफ़्तर का काम करनेवाला	

(4)

3. "अविरत सुख भी उत्पीड़न, अविरत दुख भी उत्पीड़न" कहने का तात्पर्य क्या है? (3)

4. हर शख्स कुछ न कुछ सिखा सकता है। यहाँ 'शख्स' का क्या मतलब है? (1)
   (बुद्धि, ज्ञानी, व्यक्ति)

सूचना : कविता पढ़ें और प्रश्न 5 से 6 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

है गुलाब भी कितना सुंदर,
कितना उसका रूप मनोहर।
रंग-रंग का फूल दिखाता
क्या बाँका सुगंध फैलाता।।

5. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। (2)
   विभिन्न रंगवाले गुलाब का सुगंध विचित्र है।

6. कवितांश का आशय लिखें। (3)

सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का अंश पढ़ें और प्रश्न 7 से 9 तक के उत्तर लिखें।

> वह ज्ञान जिससे अपना या दूसरों का नुकसान हो, ज्ञान नहीं बल्कि अज्ञान है। ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए ही होता है।

7. ज्ञान कब अज्ञान बन जाता है? (2)
8. ज्ञानमार्ग एकांकी के आधार पर 'ज्ञान' विषय पर **टिप्पणी** लिखें। (4)
9. ज्ञान हमारी भलाई के लिए होता है। 'हमारी' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)
   (मैं, हम, तुम)

सूचना : प्रश्न 10 से 14 तक के प्रश्नों से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखें। (4x2=8)

10. बीरबल सभी प्रकार के लोगों को दरबार में बुला लाया। क्यों?
11. 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का संदेश क्या है?
12. बूढ़ी महिला के सामने वे अदब से झुके। बूढ़ी महिला किन-किन की प्रतिनिधि हो सकती है?
13. 'सुख-दुख एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।' कारण क्या है?
14. तीनों राजकुमारों में कौन बड़ा ज्ञानी है? **अपना विचार** लिखें।

सूचना : प्रश्न 15 और 16 से किसी एक का उत्तर लिखें। (1x4=4)

15. मान लें आपके स्कूल में ज्ञानमार्ग एकांकी का मंचीकरण होनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।
16. शिक्षा से हमें अच्छा मूल्य प्राप्त करना है। पढ़ित एकांकी के आधार पर लिखें।

सूचना : नमूने के अनुसार समानार्थी शब्द से तालिका की पूर्ति करें। (2)

17.

आसमान	आकाश
अविरत	....
इंतज़ाम	....

पीड़ा
प्रबंध
निरंतर

सूचना : संबंध पहचानें और सही मिलान करें। (3)

18.

मैं बहुत चतुर नहीं	गुरु
मैं तुम लोगों के पीछे-पीछे आ रहा था	बीरबल
मैंने बस आपके आदेशों का पालन किया था	अकबर

सूचना : संशोधन करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

19. क) मैं मंत्र पढ़ता है। (2)
    ख) तुम इसमें प्राण भी डाल सकते हैं।